महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकःरू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2023 / 296 - 303 दिनांकः—15.03.2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषयः— **स्नातक स्तर पर विषम सेमेस्टर (बी0ए0, बी0एस—सी, बी0कॉम, बी0बी0ए0 (प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर) की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

स्नातक स्तर पर विषम सेमेस्टर (बी0ए0, बी0एस—सी, बी0कॉम, बी0बी0ए0 (प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर) की प्रयोगात्मक परीक्षायें आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षक आमंत्रित कर सम्पन्न करायी जानी है। प्रत्येक विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु आन्तरिक परीक्षक सम्बन्धित महाविद्यालय के ही होगें तथा बाह्य परीक्षक पोर्टल पर महाविद्यालय द्वारा अनुरोध करने के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा नामित किये जायेगें, जिनकी सूचना सम्बन्धित महाविद्यालय को पोर्टल के माध्यम से ही उपलब्ध करायी जायेगी, इसके उपरान्त ही सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी। **समस्त महाविद्यालय दिनॉक 17.03.2023 से 25.04.2023 तक प्रत्येक दशा में समस्त प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करा लें,** किसी भी स्थिति में तिथि समाप्ति के पश्चात अंकों को ऑनलाइन स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं पोर्टल बन्द कर दी जायेगी। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न निर्देशों का पालन भी महाविद्यालयों द्वारा सुनिश्चित किया जाना हैः—

1. प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा अंकपर्ण की दो प्रति तैयार की जायेंगी तथा उनकी हार्ड कॉपी महाविद्यालय में ही सुरक्षित रखी जायेंगी, अंक केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से ही स्वीकार्य होगें। विश्वविद्यालय को आवश्यकता पड़ने पर महाविद्यालय को सम्बन्धित अंकपर्ण की मूल प्रति उपलब्ध करानी होगी। **उन्हें किसी भी माध्यम से विश्वविद्यालय प्रेषित किये जाने की आवश्यकता नहीं हैं।**
2. सभी प्रकार की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकायें चुनौती मूल्यॉकन (Challenge Evaluation) से अच्छादित हैं, अतः प्रयोगात्मक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका सुरक्षित रखी जायें तथा विश्वविद्यालय द्वारा मॉगें जाने पर तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. परीक्षकों को पूर्व की भॉति नियमानुसार पारिश्रमिक देय होगा।
4. परीक्षा समिति की बैठक दिनॉक 17.12.2008 में लिये गये निर्णयानुसार प्रयोगात्मक परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड पैकेट पृथक से विश्वविद्यालय द्वारा मॉगे जा सकते हैं।
5. ऐसे महाविद्यालय जहॉं प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों की संख्या 25 से कम हो, वे अन्य महाविद्यालय से परस्पर सहमति के आधार पर नियमानुसार प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करा सकते हैं लेकिन अंक अपलोड प्रत्येक दशा में नियुक्त परीक्षक द्वारा ही किया जाना है।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी।
2. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेवसाइट को विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. प्रभारी, ऑनलाइन एजेन्सी।
4. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
5. वै0 सहायक, कुलसचिव।
6. सहायक कुलसचिव (गोपनीय)।
7. प्रशासनिक अधिकारी (गोपनीय)।

परीक्षा नियंत्रक